हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025



## 75 वर्षों से स्थापित हो रही माता की प्रतिमा, हीरक वर्ष पर दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के बांसपाईपारा में मां शक्ति की आराधना के लिए पूजा पंडाल लगने का सिलसिला 7 दशक से भी पुराना है।

देश की आजादी के बाद स्वतंत्र भारत में अपनी देवी-देवताओं की स्थापना को लेकर गजब का उत्साह बना रहा । आजादी के तीन वर्ष बाद वर्ष 1950 में राजनांदगांव शहर के बांसपाईपारा में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां शक्ति की प्रतिमा स्थापना का सिलसिला शुरू किया गया। यहां पहली बार मोहल्ले के लोगों ने सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बनाई और उस दौर में स्वर्गीय टेगुराम रजक, जीवराखन रजक, पंचू उस्ताद, पुरुषोत्तम यादव, चैतू यादव, मनोहर, नाथू रजक, बेदुरम ढीमर, जुगल जैन सहित कुछ अन्य लोगों ने मिलकर यहां मां शक्ति की प्रतिमा स्थापना की। इनमें से लगभग सभी लोग अब स्वर्गीय हो चुके हैं, लेकिन उनकी इस विरासत को उनके पुत्रों ने संभाला और नवरात्रि में माता की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला जारी रखा। आज उनके पौत्र यहां प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। वर्तमान में इस समिति में विनोद ढीमर, शरद पटेल, गागी ढीमर, अनीश पटेल, मेंगु साहू, पवन ढीमर, प्रवीण पटेल, तारीक पटेल, सुनील देवांगन, गोलू फुटान, सुधीर ठाकुर, संतोष यादव सहित तीन दर्जन से अधिक लोग परिवार की तरह ही एकजुट होकर शामिल हैं।

**खुद बनाते थे पंडाल :** माता की प्रतिमा स्थापना करने के लिए यहां समिति से जुड़े लोगों में काफी श्रद्धा भक्ति थी। समिति के लोग स्वयं ही पंडाल का निर्माण अपने हाथों से ही करते थे। इस परंपरा का सिलसिला लगभग तीन दशक तक चला । इसके बाद सड़क पर प्रतिमा स्थापना ना करते हुए लगभग 30 वर्षों से यहां भगवान शिव के मंदिर के भीतर ही प्रतिमा की स्थापना की जाती है। यहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजा पंडाल में मनोकामना ज्योति कलश भी स्थापित की जाती है।



### बड़ी प्रतिमा के लिए मिली ख्याति

नवरात्र के अवसर पर स्थापित होने वाली देवी प्रतिमा को नगर निगम द्वारा कुछ वर्षों तक सुरक्षित किया जाता रहा। यह पूजा पंडाल माता की भव्य और आकर्षक प्रतिमा स्थापित करने के लिए भी प्रसिद्ध रहा है। यहां 20 फीट तक की प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है। वर्तमान में स्थापित प्रतिमा 11 फीट ऊंची है। प्रतिमा स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वार्ड के लोगों में उत्साह का माहौल है। शनिवार की रात जब प्रतिमा का शहर में आगमन हुआ तो नजर देखते बन रहा था। यहां पर माता की प्रतिमा का भव्य स्वागत किया गया। वार्ड के लोग माता की भक्ति में जमकर झूम रहे थे। 75 वर्ष पूरे होने पर इस पूजा पंडाल में रामायण, भजन, जगराता और जस झांकी का आयोजन भी किया जा रहा है।

### हर घर से आता है प्रसाद

समिति के विनोद ढीमर ने बताया कि इस पूजा पंडाल की खासियत यह है कि यहां वितरित होने वाला प्रसाद मोहल्ले के लगभग सभी घरों के सहयोग से आता है, जो यहां की एकजुटता का भी प्रतीक है। नवरात्र के 9 दिनों तक यहां सभी माता की सेवा में लीन रहते हैं।

### शहर में बनी पहली प्रतिमा

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बांसपाईपारा में पहली प्रतिमा स्थापना के लिए शहर के प्रसिद्ध मूर्तिकार स्व.पांडुरंग कालेश्वर ने प्रतिमा का निर्माण किया था। इसके बाद बीते कुछ वर्षों से थनौद से प्रतिमा मंगाई जा रही थी, लेकिन इस वर्ष स्थापना के 75 वर्ष पर स्थानीयता को प्राथमिकता देते जिले के डोंगरगांव कोहका से भव्य प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार रोशन और मुकेश से कराया गया है।

## सीसीटीवी कैमरों से निगरानी 1000 जवान संभालेंगे सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज से शुरू होने जा रही नवरात्र को लेकर पुलिस महकमे ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। आला अफसरों के साथ ही करीबन एक हजार जवानों की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे, अस्थाई पुलिस चौकी की व्यवस्था भी की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितंबर से आगामी एक अक्टुबर तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है। जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें लगभग 1000 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में श्रीमती गायत्री सिंह सेनानी 07वीं वाहिनी छसबल भिलाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमएमसी देवचरण पटेल द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बायपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। ऊपर मां बम्लेश्वरी मंदिर से नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।



### मंदिर में सजावट पूरी

इधर नवरात्र को लेकर बम्लेश्वरी मंदिर में भी सजावट का दौर अंतिम चरण तक जारी रहा। बिलासपुर से आए कारीगरों के जरिये मंदिर में फूल एवं लाइटिंग से सजावट की गई। इसके साथ ही मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा ऊपर मंदिर के पास अतिरिक्त स्टॉपर की व्यवस्था की गई है।

### आला अफसरों की ली बैठक

डोंगरगढ़ मेला को लेकर एसपी मोहित गर्ग ने एक बैठक आयोजित की। जिसमें आधा दर्जन से अधिक एएसपी, आधा दर्जन डीएसपी सहित बड़ी संख्या में आला अफसर उपस्थित रहे। इस बैठक में डोंगरगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रणनीति तैयार की गई।

### हर पाईंट पर रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ क्वांर नवरात्रि मेला में 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों ड्यूटी में तैनात अगले 9 दिन तक अंजोरा बायपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक संभालेंगे ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था, डोंगरगढ़ मेला दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था में 20 चार पहिया वाहन पेट्रोलिंग, 15 मोटर साइकिल पेट्रोलिंग पार्टी, 15 पैदल पेट्रोलिंग पार्टी तैनात, मेला ड्यूटी के दौरान यातायात व्यवस्था में कुल 300 बल तैनात, डोंगरगढ़ में यात्रियों के लिए 10 जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है। नीचे मंदिर से ऊपर मंदिर तक एवं विभिन्न चौक-चौराहों में फिक्स पिकेट बल तैनात किया गया है। यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु 1 ऊपर मंदिर गर्भगृह, 2 रोपवे नीचे एवं ऊपर, 3 ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, 4 क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक, 5 गोताखोर पार्टी, 6 बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

## बढ़ते अपराध के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में लगातार हो रही चाकूबाजी से मौत के मामले, चोरी, नशे और बढ़ते अपराध को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के मानव मंदिर चौक पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ चूड़ियों से भरी टोकरी लेकर सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बीते कुछ महीनों में शहर के बीच आपराधिक मामले बढ़ गए हैं। आए दिन चाकूबाजी हो रही है। बीते दिनों नवागांव क्षेत्र में चाकूबाजी से तीन लोगों की मौत के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे। इसी बीच शहर के मध्य हृदय स्थल कहे जाने वाले मानव मंदिर चौक पर स्थित गणेश मेडिकल और नरेश वॉच में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस लचर कानून व्यवस्था के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज उग्र प्रदर्शन करते पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और एसपी को हटाने की मांग की। वहीं बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री का पुतला भी फूंका।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित हुए इस धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा चूड़ी भेंट किए जाने को लेकर पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई।

### वाहन पर डाली चूड़ियां

चूड़ियां लेकर प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मौके पर उपस्थित सीएसपी को चूड़ियां सौंपने का काफी प्रयास किया, जब वह असफल रहे तो पुलिस वाहन के भीतर चूड़ी डालने कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़े। चूड़ियां छीनने के लिए पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पुलिस के गाड़ी के ऊपर चूड़ियां डाल दी।



### नहीं रोक पाई पुलिस

अपने इस प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बिगड़ती कानून व्यवस्था और रायपुर में भ्रष्टाचार के एक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में मानव मंदिर चौक पर गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला भी जलाया। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रही, लेकिन पुतला जलने से नहीं रोक पाई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री से इस्तीफा की मांग की।

### लगातार बढ़ रहे अपराधः निखिल

शहर में लगातार बढ़ते अपराध चोरी और हत्या के मामले को लेकर निखिल द्विवेदी ने कहा कि रोज एक वारदात हो रही है। शहर के बीच मुख्य चौक पर दो दुकानों में चोरी हो गई। लगातार हत्या हो रही है। एसपी का कानून व्यवस्था में नियंत्रण नहीं है। रेत माफिया गोलीकांड का मुख्य आरोपी अब तक पुलिस के पकड़ में नहीं आया है। पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है, इसलिए चूड़ी भेंट कर रहे हैं। अपने प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अफसरो को हटाने की मांग की।




### नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया, लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती को जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकरजी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकरजी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा, तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## जिला बदर आरोपी घूमते मिला, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला बदर आरोपी पुलिस को घूमते हुए मिला, जिसे पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 21 सितंबर को पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम गठुला में जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला बदर किए गए आरोपी कोमल यादव 36 साल साकिन गठुला चौकी चिखली के घूमते पाए जाने पर अभिरक्षा में लेकर पुलिस ने धारा छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्रवाई करते गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

| 24 घंटे आपात चिकित्सा | स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ |
| --- | --- |
| • एक्सीडेंट | • बच्चेदानी का ऑपरेशन |
| • जहर का सेवन | • बांझपन का ईलाज |
| • लीवर फेलयर | • मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज |
| • किडनी फेलयर | • गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज |
| • हार्ट अटैक | • नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/- |
| • ब्रेन हेमरेज | |
| • पीलिया • लकवा | |

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## सार समाचार

### वर्धमान नगर अटल परिसर में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा उत्तर मंडल द्वारा शनिवार को वर्धमान नगर स्थित अटल परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके उपरांत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बघेल, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, पूर्व मंडल महामंत्री हकीम खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा, एमआईसी चेयरमैन सावन वर्मा, सुनील साहू, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर व अन्य लोग शामिल थे।



### आपराधिक मुद्दे पर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में दो दिन पहले वोट अधिकार यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री व एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल ने राजनांदगांव में बढ़ रहे अपराध व नशे के व्यापार पर शासन-प्रशासन पर कड़ा हमला बोलते भाजपा नेताओं और पुलिस प्रशासन पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि पुलिस और भाजपा नेताओं को हफ्ता पहुंच रहा है। इसी कड़ी में शहर में बढ़ रहे अपराध, चोरी, डकैती, हत्या और नशे के अवैध व्यापार पर गहरी चिंता जताते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिमा बंजारे, युवा कांग्रेस नेता संदीप सोनी, दक्षिण ब्लॉक महामंत्री खिलेश बंजारे सहित अन्य कांग्रेसियों ने आईजी अभिषेक शांडिल्य को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने बताया कि लगातार हो रहे अपराधों के पीछे सबसे बड़ी वजह नशे का व्यापार और पुलिस प्रशासन का ढुलमुल रवैया है। कहीं गैंगवार हत्या तो कहीं चोरी-डकैती आम हो गई है। अब तो कलेक्टोरेट कार्यालय, शहर के बीच मानव मंदिर चौक तक सुरक्षित नहीं रहे। हाल ही में ब्लू डायमंड सिटी में भी डॉ. प्रकाश भालेराव के घर चोरी की घटना घटित हुई। प्रतिमा बंजारे, संदीप सोनी और खिलेश बंजारे ने बताया कि कुआं चौक से नंदई और वहां से मोहरा तक माहौल बेहद खराब है व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।



### अखंड ज्योति यात्रा का भव्य स्वागत

**खैरागढ़।** माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष और गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा 1926 से प्रज्वलित अखंड ज्योति के सौ साल पूरे होने पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से निकली दिव्य अखंड ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के रथयात्रा संयोजक मंगल राम कुंभकार, सहसंयोजक टीडी वर्मा, ट्रस्टी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष श्रीराम यादव, शिव डड़सेना, कमल नारायण सिंह, सतीश सिंह, आशीष मालवीय, भेषमणि साहू, महेश गिरी गोस्वामी, अश्विनी गुप्ता, रथ यात्रा में समयदानी ईश्वर साहू, श्यामलाल वर्मा और मातृशक्ति नीलिमा गोस्वामी, साधना अग्रवाल, दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव सहित समस्त परिजनों द्वारा कलश यात्रा का स्वागत वंदन पूजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य परिजनों को संगठित कर गुरुदेव द्वारा उद्घोषित इक्कीसवीं सदी उज्जवल भविष्य को साकार करने गुरुदेव से जोड़ना और उनके कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करना है।



### चोरड़ाधाम में चला स्वच्छता अभियान

**सड़क अतरिया।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत रविवार को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक जीराटोला जंगलपुर पंचायत के चोरड़ाधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जिला समन्वयक सलिम खान, ब्लाक समन्वयक जितेन्द्र टांडेकर, जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, मंदिर समिति के अध्यक्ष आनंद पटेल, सचिव गणेश राम वर्मा शामिल हुए। इसके अलावा पैलीमेटा, जंगलपुर, जीरा टोला पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने अभियान में हिस्सा लिया। स्वच्छता अभियान के तहत डोंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर, कुंड के आसपास, मेला एवं कार्यक्रम स्थल की सफाई किया गया। श्री पटेल ने कहा कि चोरड़ाधाम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। जहां विकास कार्यों की रूपरेखा बनाया गया है। शीघ्र ही इस दिशा पर कार्य शुरू होगा। यहां प्रमुख पर्व के अलावा वर्ष भर पर्यटकों का आना लगा रहता है। यहां साफ सफाई एवं मनमोहक नजारा होना आवश्यक है।



### अखंड ज्योति कलश का स्वागत



**सड़क अतरिया।** गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार से निकली अखंड ज्योति कलश रथयात्रा रविवार को घिरघोली, गभरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने अंखड़ ज्योति कलश का दर्शन किया। इससे पहले शनिवार को भरदा, कुकुरमुड़ा, सड़क अतरिया के ग्रामीणों ने स्वागत कर ज्योति कलश की पूजा अर्चना किया।

# शराब की अवैध बिक्री, 64 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान पुलिस ने तेज कर दिया है। दो स्थानों पर पुलिस ने दबिश दी, जहां से बिक्री हेतु रखे गए शराब बरामद किए गए। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गए। जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों, तस्करों पर नजर रखने के साथ ही साथ अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 20 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी पवन गौली 28 साल निवासी बुधवारीपारा अपने मकान के कोठा में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी को पुलिस रेड कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। आरोपी के मकान के कोठा एवं आसपास को चेक करने पर आरोपी के कोठा में 14 पौवा देशी मसाला एवं 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 34 पौवा कीमती 3000 रुपए मिला, जिसे जब्त किया गया। फरार आरोपी पवन गौली के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट का कार्रवाई कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

### डस्टबिन में छिपाकर रखी थी शराब की बोतलें

अन्य प्रकरण में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी खेमलाल कदम निवासी ग्राम मुरमुंदा द्वारा अपने दुकान के पीछे अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्रवाई की। आरोपी को पुलिस रेड कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। दुकान एवं आसपास को चेक करने पर आरोपी के दुकान के पीछे डस्टबिन में 14 पौवा देशी मसाला एवं 16 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 30 पौवा देशी शराब कीमती 2680 रुपए मिला, जिसे जब्त कर फरार आरोपी खेमलाल कदम के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का कार्रवाई कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

## नशीली टेबलेट के साथ युवक पकड़ाया



डोंगरगढ़ पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर 97 नग नशीली टेबलेट को जब्त किया गया।

**राजनांदगांव।** नशीले पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ जिलेभर में पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभियान के तहत 20 सितंबर को पुलिस को सूचना मिला कि शेंडे लॉज डोंगरगढ़ के पार्किंग के पास डोंगरगढ़ में आरोपी नागेश्वर उइके 20 साल निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ अवैध रूप से नशीली टेबलेट रखा है।

**आरोपी गया जेल :** सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल कार्रवाई करते मौके पर पहुंचकर रेड़ कार्रवाई की। घेराबंदी कर आरोपी नागेश्वर उइके को पकड़कर आरोपी से अपने कमर में बांधकर रखे काला रंग की पोच के अंदर में रखे नशीली टेबलेट कुल 97 नग नशीली टेबलेट कीमती लगभग 436 रुपए एवं 200 रुपए नगद कुल रकम 636 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर दिया परामर्श



**छुईखदान।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम तुमड़ादाह स्थित बहुउद्देशीय केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बैगा समुदाय की महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया गया।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन एवं सीईओ प्रेमकुमार पटेल के निर्देशन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुरक्षित करना, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ नारी के माध्यम से सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की नींव रखना है।सीएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि अभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल, डॉ. महेश साहू, नेत्र सहायक अधिकारी विनय कुमार रामटेके, बीईटीओ केपी साहू, आरपी गढ़ेवाल, खेमलाल धारणे, निर्मला क्षत्रिय, वासुदेव चंदेल, सुरेश वर्मा तथा मितानिनों ने सक्रिय सहयोग दिया।

## छग सहायक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्थानीय समस्याओं के निदान और बेहतर शिक्षा गुणवत्ता को लेकर शिक्षकों की कार्ययोजना सहित अन्य विषयों पर छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक मे चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष रामलाल साहू की उपस्थिति मे आयोजित बैठक मे जिले के दोनो ब्लाक खैरागढ़, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी गठन को लेकर चुनाव, संगठन के सदस्यता, बिना किसी सूचना के अन्य संगठनों में जाकर सदस्य बनने व पद लेने वाले साथियो की वापसी अथवा कारवाई, छुईखदान ब्लॉक में शाला संचालन का समय 9.45 से 4 बजे तक करने संबंधी जारी आदेश और शेष एरियर राशि भुगतान के अलावा दोनों ब्लॉक मे कार्यरत शिक्षकों को किस आधार पर लगातार विभिन्न कारणों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है अचानक इसकी संख्या बढ़ने के पीछे की वजह को लेकर भी सदस्यों ने बैठक मे विस्तृत चर्चा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष भिखेद्र जंघेल, सचिव शिवचरण वर्मा, कोषाध्यक्ष संजू राम कंवर, भगवती प्रसाद सिन्हा, गांधीराम साहू, लुमेश्वरी साहू, भुनेश्वरी लहरें, महेश्वरी मरकाम, छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव, खैरागढ़ ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी, संतोष तोड़े, तोकराम सिन्हा, टीका देशमुख, लेखराम वर्मा, पूर्णेश वैष्णव, हब्बूराम कंवर, कृष्णा जंघेल, खेमचंद साहू, बलिराम वर्मा, विक्की नेताम सहित बडी संख्या मे फेडरेशन सदस्य उपस्थित थे।

### लाटरी से 26 हितग्राहियों को आवास आबंटन

**राजनांदगांव।** देश के प्रत्येक परिवार के सिर पर पक्की छत हो, इस सोच को साकार करने प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। क्रियान्वयन की इस कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर 18 सितंबर को नगर निगम सभागृह में आयुक्त विश्वकर्मा सहित टोपेन्द्र सिंह, राजेश जैन रानू, शैकी बग्गा, डीलेश्वर साहू, आलोक श्रोत्री, विजय राय, मदन यादव, वसीम खान, राकेश नंदे, हितेश ठाकुर की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 26 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 191 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है। इस अवसर पर योजना के सीएलटीसी ललित मानकर, सोनम पालिया, अभिनव शुक्ला तथा विभागीय लिपिक राजेन्द्र रामटेके एवं देव हाथीबेथ सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र भानपुरी का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शुक्रवार को राजनांदगांव विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र भानपुरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शेष किसानों संपर्क कर शीघ्र एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने कहा। उन्होंने कहा कि सभी किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके लिए 30 सितंबर तक समय-सीमा निर्धारित किया गया है। उन्होंने इसके साथ ही गिरदावरी कार्य को 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने से किसानों को फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि एवं धान विक्रय का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके लिए अनिवार्य रूप से किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने कहा।

## आज विराजेगी मां की प्रतिमा, आस्था की ज्योत होगी प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सोमवार से देवी आराधना के लिए विशेष क्वार नवरात्रि का पर्व शुरू होगा। क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में नौ दिवसीय पर्व को लेकर लगभग सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वही समितियों द्वारा स्थापित प्रतिमा स्थलों में भी तैयारी पूर्णता की ओर है।

क्षेत्र के सभी गांव में कल सोमवार को शक्ति स्वरूपा दुर्गा एवं विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किया जायेगा। वही चोरड़ाधाम स्थित दुर्गा मंदिर, घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर, खैरा स्थित दुर्गा मंदिर, बंजारी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिर में पर्व उल्लास से मनाने की तैयारी किया गया है। वही बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालुओ का मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जायेगा।

### घट स्थापना आज

नर्मदा मंदिर में क्वार नवरात्रि का पर्व उल्लास एवं धार्मिक माहौल में मनाया जायेगा। मंदिर की आकर्षक साथ सज्जा की गई है। पर्व पर बहुत से श्रद्धालुओं द्वारा यहां मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जायेगा। कल सोमवार को गोधूली बेला में विधि विधान के साथ घट स्थापना किया जायेगा। इसी प्रकार 26 को पंचमी तथा 30 सितम्बर को महाष्टमी का पर्व मनाया जायेगा। तथा 1 अक्टूबर को संध्या समय पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शोभा यात्रा निकाल कर ज्योति कलश का विसर्जन किया जायेगा।




मे. सुरग्यानमल मामराज
ग्रेन मर्चेन्ट अनाज व्यापारी
डोंगरगढ़, मो. 9977852900
मे. सूरज ट्रेडर्स
छड़, सीमेंट, तार, खीला के थोक एवं
चिल्हर विक्रेता डोंगरगढ़, मो. 7000052005
विष्णु अग्रवाल
गिरीश अग्रवाल



श्री अग्रसेन जयंती एवं नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...


श्री अग्रसेन जयंती पर्व
की आपको हार्दिक शुभकामनाएं...
अग्रवाल कूलिंग पैलेस
डेयरी डेली नीड्स एवं शुद्ध शाकाहारी
भोजन की उत्तम व्यवस्था
विवेक अग्रवाल
राजेश अग्रवाल
नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर के पास, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 9981373330, 8085575666


श्री अग्रसेन जी की जयंती
पर समस्त अग्रबंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं...
अग्रवाल सिमेन्ट्स
छड़, सिमेंट, रासायनिक खाद,
पाईप, पेंट के अधिकृत विक्रेता
नितिन अग्रवाल
विपुल अग्रवाल
नया बस स्टैण्ड के सामने, कचहरी रोड, डोंगरगढ
मो. 9425560060, 9826707823


श्री अग्रसेन महाराज
की जयंती पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
महाराजा श्री अग्रसेन जी के चरणों में शत् शत् नमन
श्री अग्रवाल एजेन्सीस
प्रो. नवीन अग्रवाल
नवीन अग्रवाल
अभिषेक अग्रवाल


श्री अग्रसेन महाराज
की जयंती पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सांवरिया
रेस्टोरेंट एवं लॉज
A/C & Non A/C room
शुद्ध शाकाहारी
बड़ी बम्लेश्वरी मंदिर के पास, रोपवे के सामने, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
प्रकाश अग्रवाल - 9399226220, 7389753755
रुपेश अग्रवाल - 9893487335


श्री अग्रसेन महाराज
की जयंती पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
महाराजा श्री अग्रसेन जी के चरणों में शत् शत् नमन
रानीसती राईस मिल
कॉलेज रोड, वार्ड नं. 11, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मोबाईल नं. 9300688574, 9826111551


श्री अग्रसेन जयंती
की हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
निखार भूत
डोंगरगढ
मुकेश भूत
डोंगरगढ
Shyam Construction Company
Near S.B.I. Ward No 12 dongargarh
Mobile no - 7000037917


नवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
भुनेश्वर बघेल
पूर्व विधायक डोंगरगढ़


आप सभी को
नवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजपूत हार्डवेयर & ट्रांसपोर्ट
प्रो. जितिन्दर कौर, (स्व. सोनू राजपूत)


नीलू शर्मा
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल
आप सभी को
नवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राम किशोर झा
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव


Shloka
GREENS
सच होता हर अध्याय
नवरात्रि में करें नए सपनों की शुरुआत
Shloka
GREENS
RERA
APPROVED
Actual site image
इस नवरात्रि रजिस्ट्री खर्च में
50% की छूट
25+ प्रीमियम सुविधाएँ
टेम्पल + ऐम्फ़िथिएटर
किड्स एंड टॉडलर्स प्ले एरिया
क्लब हाउस
इवेंट लॉन
स्विमिंग पूल
मल्टीपल लैंडस्केप्ड गार्डेंस
प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स
आज ही बुक करें
स्कैन करें
PIONEER HOMES
संजीवनी हॉस्पिटल के पास, चिखली, खैरागढ़ रोड, राजनांदगांव (छ. ग.)
RERA No. PCGRERA250724001800
https://rera.cgstate.gov.in/
83-9996-9991
83-9996-9992
SANGYAA PR

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025



# आज से नवरात्रि: पूजा पंडालों में विराजेंगी देवी, मंदिरों में प्रज्जवलित होंगे ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का पर्व क्वांर नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसको लेकर देवी मंदिरों सहित पूजा पंडालों में तैयारी पूर्ण कर ली गई है, जहां देवी की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। देवी मंदिरों में विधि-विधान से ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धा भक्ति का माहौल बना रहेगा।

नवरात्र का पर्व हर्षोल्लास के साथ भक्तिभाव पूर्ण वातावरण में मनाने के लिए देवी मंदिरों सहित शहर की विभिन्न सेवा उत्सव समितियों द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है, जहां देवी मंदिरों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। वहीं पूजा पंडालों में भी साज-सज्जा की गई है। नवरात्र के अवसर पर अलग-अलग संस्थाओं द्वारा गरबा की तैयारी भी लगभग पूर्ण हो गई है। मां शक्ति की भक्ति से भरे इस नवरात्र पर्व के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल है।पितृपक्ष के बाद अब नवरात्रि पर्व से बाजार में भी खरीदारी और रौनक बढ़ेगी। नवरात्र को लेकर पूजा सामग्रियों सहित ध्वज-पताकों से लेकर माता की श्रृंगार सामग्री, पान सुपारी, नारियल और सजावट के सामानों की दुकान भी सज गई है। शहर के अलग-अलग देवी मंदिरों में स्थापित होने वाली सैकड़ों ज्योति कलश के लिए कुम्हारों को पहले ही ऑर्डर दिया जा चुका है। जिसका कार्य भी लगभग पूर्ण हो गया है। एकम के दिन शहर की कुलदेवी मां शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर सहित कुछ पूजा पंडालों में भी ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी।

## दस दिन की नवरात्र, शहर में आधा दर्जन स्थानों में गरबा का आयोजन, फल के बढ़ेंगे दाम

### मंडी में केदारनाथ के दर्शन

शहर के कृषि उपज मंडी में नवरात्र के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापना को लेकर बनाए जाने वाले भव्य पंडाल में इस वर्ष केदारनाथ की झांकी बनाई गई है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को चार धाम के दर्शन होंगे। जिसमें केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और कलकीपुड़ी की झांकी बनाई गई है। लगभग डेढ़ माह की तैयारी के बाद यहां चार धाम की भव्य झांकी बनाकर तैयार है। यहां मुख्य आकर्षण केदारनाथ मंदिर है।



### पूजा पंडाल की तैयारी

नवरात्रि को लेकर शहर में अलग-अलग जगहों पर पूजा पंडाल लगाया जा रहा है। शहर के पुराने सेवा उत्सव समिति दुर्गा चौक, हमालपारा, ममता नगर, स्टेशनपारा, बांसपाईपारा, लोहारपारा, भरकापारा, गौशालापारा, ठेठवारपारा, इंदिरा नगर, बसंतपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पूजा पंडाल लगाया गया है। जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

### माता की प्रतिमा निर्माण पूर्ण

नवरात्र पर्व को लेकर पश्चिम बंगाल से आए मूर्तिकरों द्वारा शहर में माता की प्रतिमा निर्माण का कार्य पूर्ण कर चुके हैं। मूर्तिकार प्रतिमा के फिनिशिंग में जुटे हुए हैं। वहीं कुछ प्रतिमा थनौद और अन्य जगहों से भी आ रही है। शहर में बन रही प्रतिमा में लगभग ढाई तीन फीट से लेकर 7 फीट तक की प्रतिमा शामिल है।

### सेवा भजन और गरबा की तैयारी

नवरात्रि के पर्व के अवसर पर विभिन्न देवी मंदिर सहित पूजा पंडालों में प्रतिदिन माता की सेवा भजन भी होंगे। इसके लिए सेवा मंडलियों द्वारा भी अपनी तैयारी की जा रही है। वहीं शहर के शिवनाथ वाटिका सहित अन्य निजी संस्थानों में गरबा का आयोजन भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रानीसागर में 25 को मॉकड्रिल का आयोजन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितंबर को सुबह 10 बजे से राजनांदगांव शहर के रानीसागर तालाब में बाढ़ आपदा पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉकड्रिल का आयोजन आपदा प्रबंधन की तैयारी को परखने तथा नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नागरिकों से अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखने तथा घबराने से बचने, अफवाहों से बचने तथा दूसरों को सही जानकारी प्रदान करने एवं मॉकड्रिल में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

### स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**राजनांदगांव।** 16 से 30 सितंबर तक आयोजित होने वाला स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला डोंगरगांव में स्वच्छता शपथ से हुई। जिसमें छात्रों व शिक्षको ने स्वच्छता बनाए रखने शपथ लिया। जिसमें प्रमुख रूप से शैक्षिक संकुल समन्वयक एसएल तिवारी, प्रधान पाठक, शिक्षकगण आरसी साहू, एआर कंवर व लक्ष्मीकांत शर्मा की उपस्थिति रही।

## चिंता: जद में नाबालिग सहित स्कूली बच्चे, अपराध का बन रहा कारण

# ओडिशा, महाराष्ट्र और भिलाई के रास्ते शहर में नशीली गोलियों की सप्लाई!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

पिछले कुछ महीनों के दरमियान शहर में घटित चाकूबाजी की घटनाओं में शामिल आरोपियों द्वारा नशीली टेबलेट का सेवन करने की जानकारी सामने आई है। इन आरोपियों द्वारा नशीली गोलियों का सेवन करने के बाद भी अपराध को अंजाम दिया जाता है।

शहर के लिए यह गोलियां इतनी खतरनाक हो चुकी है कि इसकी जद में अब स्कूली बच्चे तक आ रहे हैं। आलम यह है कि नशीली गोलियों का कारोबार शहर में तेजी से बढ़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर में उड़ीसा, महाराष्ट्र और भिलाई के रास्ते इन गोलियों की खेप शहर पहुंच रही है। शहर में ही आधा दर्जन से अधिक पाइंट है, जहां से इनकी सप्लाई हो रही है। इन गोलियों के खतरे को देखते हुए ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

उल्लेखनीय है कि शहर में सूखे नशे का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। पड़ताल में सामने आया कि शहर के मुख्य चौक-चौराहों में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद महज कुछ ही दूरी पर इस तरह के कारोबार अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

वहीं जिले और राज्य की सीमाओं पर जांच होने से इन सामग्रियों की सप्लाई तो कम हुई है, लेकिन इसका उपयोग करने वालों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। जिसकी वजह से इनके दाम में भी कई गुना तक बढ़ोत्तरी हुई है। स्टिंग के दौरान खुलासा हुआ कि सामान्य दिनों में बिकने वाले गांजे की तुलना में इन दिनों चार गुना, नाइट्रो-टेन के रेट में 5 गुना तक वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं नशे के सिरप कोरेक्स की अवैध रूप से बिक्री की जा रही है। जिसकी वजह से युवा सूखे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। बताया गया कि दस टैबलेट नाईट्रो-10 की कीमत शहर में पांच सौ से छह सौ के बीच रहती है।



### सस्ता नशा, बच्चे भी जद में

शहर में कई इलाकों में नाइट्रो-10 की गोलिया बेची जाती है। हालांकि पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए इसकी सप्लाई करने वाले भरोसे के लोगों को ही इसे बेचते हैं। चिंताजनक यह है कि शहर में स्कूली बच्चे भी इसका सेवन कर रहे हैं। शहर के कई ऐसे पाइंट हैं, जहां छोटी उम्र के युवा साथ बैठकर यह नशा कर रहे हैं।

### सेवन करना खतरनाक भी

मिली जानकारी के अनुसार नाइट्रोसन-10 टैबलेट का सेवन करने से पहले डॉक्टर से संपर्क जरूर करना चाहिए, क्योंकि इसके सेवन बाद चिंता, हृदय गति में वृद्धि, कंपन या सामान्य अस्वस्थता जैसे लक्षण हो सकते हैं। नशे की शुरूआत युवाओं में एक गोली से होती है। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जाती है। युवा इस नशे को पहले शौकिया तौर पर करते हैं, फिर लत बन जाती है।

### कई मामले आ चुके सामने

ऐसा भी नहीं है कि नशीली गोलियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई ना कि हो। पिछले कुछ समय के भीतर ही पुलिस ने कई आरोपियों को इस कारोबार से जुड़े होने के चलते गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली पुलिस द्वारा उड़ीसा से टेबलेट लाकर बेचने के आरोप में दो आरोपी, 22 अगस्त को ग्यारह महीने से फरार आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस ने पकड़ा है। वहीं तीन साल पहले 2022 में साढ़े तीन हजार से अधिक टेबलेट के साथ एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा था, जो महाराष्ट्र से इसे दुर्ग लेकर जा रहा था।

**अपराध का खौफ नहीं :** ज्ञात हो कि पिछले कुछ मामलों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि शराब के मुकाबले नाइट्रोटेन का नशा अधिक खतरनाक होता है। इसके सेवन के बाद दिमाग पूरी तरह से शून्य हो जाता है और रक्तचाप तेज हो जाता है। यही कारण है कि गोलियों को खाने के बाद नाबालिग भी अपराध करने से नहीं डर रहे हैं। यही कारण है कि पिछले कुछ मामलों में नाबालिग भी आरोपी रहे हैं।

# नाबालिग से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

## बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था मुम्बई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने थाना आकर बताया कि 30 जुलाई के करीबन डेढ़ बजे पीड़िता घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जो आज तक घर वापस नहीं आई है। पीड़िता को नाबालिग जानते कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा माता-पिता की सहमति के बिना वैध संरक्षण से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया है।

**परिजन कर रहे थे गुमराह**

पुलिस के अनुसार गुमशुदा की लगातार पतासाजी की जाती रही। उसी दौरान ज्ञात हुआ कि पीड़िता को भैंसबोड का नवीन कुमार मांझी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है और मुम्बई में हैं। टीम भेजने की तैयारी की जा रही तथा आरोपी के परिजनों को सख्त हिदायत दिया गया था कि आरोपी को पीड़िता के साथ वापस बुलाए, किन्तु परिजनों द्वारा भी पुलिस को लगातार गुमराह किया जा रहा था।

### घर से पकड़ाया आरोपी

इसी दौरान 19 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि गुमशुदा आरोपी नवीन मांझी के घर भैंसबोड में है, दबिश देकर गुमशुदा को दस्तयाब किया गया। न्यायालय में कथन कराने पर पीड़िता ने बताई कि आरोपी नवीन कुमार मांझी 30 जुलाई को पीड़िता को उसके घर गांव से पुराने परिचय का लाभ उठातेबहला-फुसलाकर राजनांदगांव ले गया और वहां से ट्रेन से मुम्बई ले जाकर कंस्ट्रक्शन साईट में परिचितों के साथ रूका रहा और नाबालिग पीड़िता से लगातार बलात्कार करता रहा। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64(1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी नवीन कुमार मांझी 19 साल साकिन भैंसबोड थाना मोहला को 21 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

# बढ़ती चोरी के बीच सीएसपी ने ली बैठक सीसीटीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बढ़ती चोरी एवं आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने अब सोसायटी एवं कालोनियों के रहवासियों व पदाधिकारियों की बैठक लेकर सुरक्षा संबंधी जानकारी दिया है। जिसमें सुरक्षा गार्ड रखने, सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाए जाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार चोरी सहित बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस ने अब शहर के विभिन्न सोसायटी व कालोनियों में रहने वालों की बैठक लेकर उन्हें सुरक्षा संबंधी उपाय बता रहे हैं। वहीं दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं।

बैठक में कॉलोनी स्तर पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन ने स्पष्ट किया कि कॉलोनी एवं सोसायटी में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की सूची संबंधित थाना में जमा की जानी चाहिए।

साथ ही कॉलोनी परिसर में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे, रोशनी और रिकॉर्डिंग स्टोरेज की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

### संदिग्ध व्यक्ति की दें सूचना

कालोनीवासियों को यह भी कहा गया कि जो परिवार लंबे समय तक घर खाली छोड़कर बाहर जाते हैं, उनकी जानकारी कॉलोनी अध्यक्ष के पास होना आवश्यक है। कॉलोनी क्षेत्र में किसी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील भी की गई। इस बैठक में थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू, विभिन्न सोसायटी एवं कॉलोनी के पदाधिकारी तथा शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

### सीएसपी जैन ने ली बैठक

पुलिस कंट्रोल रूम के जनसंवाद कक्ष में 20 सितंबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन ने विभिन्न सोसायटी एवं कॉलोनियों के पदाधिकारियों की बैठक ली।

## जिले में अब तक सामान्य बारिश, कुल कोटे से दो सौ मिमी कम

# दो दिनों में डेढ़ इंच बरसात, 24 के बाद बढ़ेगी बारिश की गतिविधियां..पर्व पर पड़ेगा असर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंचल में पिछले दो दिनों से बेहतर बारिश देखने को मिल रही है। राजनांदगांव शहर में पिछले 48 घंटे में डेढ़ इंच से अधिक बारिश देखने को मिली है। वहीं जिले के भी अन्य इलाकों में बारिश देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन यही स्थिति बनी रहने के बाद 24 से बारिश की गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर अंडमान सागर और उससे लगे म्यांमार तट पर स्थित है तथा यह 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते उत्तर बंगाल की खाड़ी में 22 सितंबर को पहुंचने की संभावना है। एक निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी-म्यांमार और बांग्लादेश तट पर 25 सितंबर को बनने की संभावना है।

इन दोनों मौसमी तंत्र के प्रभाव से 24 सितंबर से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तरप्रदेश और उससे लगे बिहार के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

ज्ञात हो इससे पहले शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री पर रहा, यह सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक था। राजनांदगांव शुक्रवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर भी था। तापमान में बड़ा अंतर होने की वजह से इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। वायरल के मरीजों में काफी इजाफा हो रहा है। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी क्लिनीक में भीड़ बनी हुई है।

### हल्की से मध्यम बारिश के बन रहे आसार

विभाग के अनुसार बन रहे सिस्टम की वजह से प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग के जिले संभावित है। इसका असर अंचल में भी देखने को मिलेगा।












## खबर संक्षेप

### भारतीय ज्ञान पर व्याख्यान



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रारँभ में प्राचार्य ने स्वागत भाषण में आयोजन के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर वक्ता और सहायक प्राध्यापक डॉ डाकेश्वर वर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता, इसकी पृष्ठभूमि तथा प्रासंगिकता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया । व्यसन मुक्ति अभियान के जिला प्रभारी हरीश गांधी, गायत्री विद्यापीठ के टीएस ठाकुर ने छात्र छात्राओं को भारत की संस्कृति और संस्कार विषय पर जागरूक किया। आगामी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित होने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शुभि जैन एवं अंत में आभार प्रदर्शन हिमानी साहू ने किया।

### कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन




**छुरिया।** ग्राम पंचायत नागरकोहरा में कबड्डी प्रतियोगिता कांग्रेस नेता चुम्मन साहू के आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सरपंच रेवतीबाई कंवर, उपसरपंच पीतांबर कंवर, भारत साहू, नूतन साहू, केवलराम साहू, रवि वैष्णव, संतोष कंवर, शंकरराम साहू, झग्गर राम साहू, निर्मल हीमवर, पूर्णिमा साहू आदि शामिल हुए। समापन मौके पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि कबड्डी छत्तीसगढ़िया और काफी पुराना खेल है। इस खेल को जीवंत रखने के लिए उन्होंने ग्रामीणों एवं आयोजक समिति को बधाई दी।

### मोदी पर बायोपिक का प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जसमीतसिंह बन्नोआना, उमा महेश वर्मा, तरुण हथेल, विनय बंसल, विनीत यादव, कैलाश सोनवानी, अजय शर्मा, अलका जयेश सहारे, कुलवंतसिंह कक्कड़, द्वारका शर्मा, सत्यप्रकाश मिश्रा, डी एकेश राव, देवेंद्र साखरे, हरीश मोटघरे, शिवांगी साखरे, बबिता मलगार, रेखा राघोतरे, रतन कोसे, अनिता इंदुलकर, लक्ष्मी यादव, लोकेश इंदुलकर, परविंदरसिंह मोंटी, शरफराज नवाज, नागेंद्र परिहार, पप्पू नामदेव, कन्हैया अग्रवाल, मुकुंद कंडरा, शुभम परिहार, महेश सहारे, ओमप्रकाश साखरे, आवेश निगम, मयंक डोंगरे, सत्यम आदि मौजूद थे।

### दिल्ली छात्र संघ में अभाविप का कब्जा



**डोंगरगढ़।** दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी ने जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने यहां भी जश्न मनाया। परिणाम सामने आने के बाद अभाविप के कार्यकर्ताओं ने जयस्तंभ चौक में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाया। इस दौरान टिकेंद्र साहू, अविनाश टेम्बुलकर, हेमंत मंडावी, कुश मालेकर, शुभम महोबिया, प्रियंका यादव, दिव्या ठाकुर, दिव्य किरण सिन्हा, निकिता यादव, साहिल चंद्राकर, ओंकार यादव, दुर्गेश कंवर, दीपेश साहू, बादल, अनुज कुंभलवार, गुलशन चंद्रवंशी, आयुष निर्मलकर, सागर द्विवेदी, सौम्य वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

## धर्मनगरी में तैयारियां पूरी, देवी मंदिरों में होगी कलश स्थापना

# आदिशक्ति की आराधना का पर्व आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में विश्व प्रसिद्ध माता बम्लेष्वरी के दरबार में क्वांर नवरात्रि पर्व कल 22 सितंबर से शुरू होगा। नवरात्रि को लेकर प्रशासन एवं बम्लेश्वरी ट्रस्ट ने व्यापक तैयारियां की है। क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में कल हवन पूजन के साथ मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी।

मां बम्लेश्वरी मंदिर में कल 22 सितंबर को सुबह 5 बजे माता के विशेष अभिषेक के साथ एकम की शुरूवात होगी। रात्रि 7 बजे से उपर मंदिर, नीचे मंदिर एवं शीतला मंदिर में लगभग 10 ज्योति कलशों की स्थापना होगी। बम्लेश्वरी मंदिर के अलावा क्षेत्र के रेंगाकठेरा गढमाता, करेला भवानी मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, कारीपाठ मंदिर, रेल्वे दुर्गा मंदिर, केदारबाडी, बस स्टैंड काली मंदिर, रणचंडी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर सहित वनांचल के मंदिरों में भी ज्योति कलशों की स्थापना होगी। आगामी 26 सितंबर को पंचमी अभिषेक, 28 सितंबर को देर रात्रि कालरात्रि अभिषेक होगा।



### उमड़ेंगे देवी भक्त

नौ दिन तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान आचार्य राजकुमार पांडे, युवराज महाराज सहित बाहर से आए आचार्य एवं पंडितो धार्मिक क्रिया कलाप संपन्न कराया जाएगा। ग्राम देवी देवता, छिन्न मस्ता माता, कालका माता, काल भैरव के अहवान के साथ माता बम्लेश्वरी की आराधना में देशभर के श्रद्धालु शामिल होंगे।

### अष्टमी हवन 30 को

जानकारी के अनुसार आगामी 30 सितंबर को उपर मंदिर में प्रातः 9 बजे, नीचे मंदिर एवं शीतला मंदिर में शाम 7 बजे हवन पूजन के साथ सप्तसती पाठ की समापन पूर्णाहूति के साथ होगा। आगामी एक अक्टूबर को प्रातः 4 बजे ज्योति कलशों का विसर्जन होगा। नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में रात्रि 8 बजे ज्योति कलष शोभायात्रा निकलेगी।

### बारिश से अंडरब्रिज में पानी और दलदल



नवरात्रि तैयारी की पोल पहले ही सामने आ गई है। नीचे मंदिर अंडरब्रिज से लगे पार्किंग स्थल बारिश होने के बाद कीचड और दलदल में परिवर्तित हो गया। यहां पैदल चलना तो दूर वाहन चलाना भी मुश्किल हो गया और लोगों को घूम कर आना पडा। उल्लेखनीय है कि एकम रविवार को होने के कारण बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे थे। मुख्य मार्ग में मुरूम डालने से पूरा मार्ग खराब हो गया। नीचे मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों के वाहन इसी मार्ग के किनारे खडे कराए जाते हैं। मेला ग्राउंड से नीचे मंदिर तक विद्युत दो दिन पहले ही चालू कर दिया गया था। रविवार को दिन में लाईट जलते रही। इस संबंध में जब पालिका अधिकारी खिलेन्द्र भोई से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### कई ट्रेनों के थमेंगे पहिए

नवरात्र के दौरान कई ट्रेनों का स्टॉपेज यहां रहेगा। अप-डाउन दिशा में जाने वाली एक्सप्रेस और सुपर फास्ट ट्रेनों के पहिए 10 दिनों तक थमेगे। जानकारी के अनुसार बिलासपुर-बिकानेर, बिलासपुर-भगत की कोठी सहित बिलासपुर- चेन्नई, बिलासपुर-पुणे, रायपुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया गया है। इसके अलावा गोंदिया-दुर्ग लोकल का रायपुर तक और रायपुर - डोंगरगढ़ मेमू को गोंदिया तक विस्तारित किया गया है। डोंगरगढ़-दुर्ग के बीच अतिरिक्त स्पेशल लोकल ट्रेन चलेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता और वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि नवरात्रके दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रख व्यापक तैयारियां की गई है। मेला अवधि में भीड़ को नियंत्रित करने और सेवाओं को सुचारु रखने डोंगरगढ़ स्टेशन की दक्षिण दिशा में 6 और उत्तर दिशा में 2 अतिरिक्त टिकट काउंटर रहेंगे। 3 एटीवीएम मशीनें, 1 एटीवीएम मशीन उत्तर दिशा में रहेंगी। 5 मोबाइल यूटीएस इकाइयां सर्कुलेटिंग एरिया और पैसेंजर इंटरफेस पर तैनात रहेंगे।

### जामुल से निकलेगी पदयात्रा, पहला कार्ड मां बम्लेश्वरी को समर्पित



आगामी 24 सितंबर को जामुल के दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होने वाली शक्ति संकल्प पदयात्रा के सफल आयोजन के लिए 20 सितंबर को जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे अपने पति सत्यप्रकाश बंजारे के साथ बम्लेश्वरी धाम पहुंचीं। इस दौरान भाजपा नेता प्रिंस कक्कड़ भी मौजूद थे। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी देवी के चरणों में श्रद्धा पूर्वक पदयात्रा का पहला आमंत्रण कार्ड अर्पित किया। यह पदयात्रा 24 सितंबर को जामुल से प्रारंभ होकर 25 सितंबर की सुबह डोंगरगढ़ पहुँचेगी। इस यात्रा में 100 से अधिक महिलाएँ शामिल होंगी।

## पृथ्वी पर जीवन रक्षा के लिए बेहद जरूरी है ओजोन परत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में विश्व ओज़ोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्याख्याता रेशमी साहू ने बताया कि पृथ्वी से लगभग 16 किलोमीटर ऊपर वायुमंडल की कवच जो सूर्य से आने वाली हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है में धीरे धीरे छिद्र होने लगा है। ओज़ोन परत के छरण के लिए मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन, स्प्रे गैस, फोम उत्पादन, एरोसॉल उत्तरदायी है। इंसानों के कुछ गलत कार्यों की वजह से ओज़ोन परत क्षतिग्रस्त हो रही है। ओजोन परत को बचाने के प्रति जागरूकता लाने के लिए ओजोन दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में कक्षा 9 वीं कर शेष कुमारी, भारती, पायल, लक्ष्मण, वीर आदि ने नाटक प्रस्तुत किया। शाला नायक मयंक देवांगन, साक्षी साहू, दिशा, कुसुम सिन्हा और यामिनी सिन्हा ने अपने विचार प्रस्तुत किए।




### नुक्कड़ नाटक का मंचन

कार्यक्रम में प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन रक्षा के लिए ओजोन परत आवश्यक है। इसे बचाने के लिए रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर का नियमित रख रखाव करना चाहिए। व्यक्तिगत वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग किया जाना चाहिए। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी और अजय पाठक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, कुंदन यादव आदि उपस्थित थे।

## चाकू लहराने वाला गिरफ्तार




**डोंगरगढ़।** पुलिस ने 19 सितंबर को एक व्यक्ति को आदर्श चौक के पास धारदार चाकू लहराकर जनता को डराते धमकाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी श्रेयास तिवारी पिता महेश तिवारी निवासी बुधवारीपारा के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को ज्यडिशियल रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने महावीर तालाब के पास आरोपी फारूख खान उर्फ अज्जू पिता इसराईल खान निवासी खुंटापारा को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी से 0.972 ग्राम गांजा जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## चारभाटा स्कूल में साइकिल वितरण



**डोंगरगढ़।** सरस्वती साइकिल योजना के तहत हाईस्कूल चारभाटा की कक्षा 9 वी की छात्राओं को गत दिनों साइकिल प्रदान किया गया। इस दौरान जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, जनपद सदस्य अशोक नेताम, जनपद सभापति थनवार मंडावी, गिरजा कंवर, हनुमानदास साहू, कार्तिक कंवर, ऋषिराम सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य शैलजा मसीह मौजूद थी।

## बिजली बिल वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन 23 को

- जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी सौंपेगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने बिजली बिलों में वृद्धि और बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने के विरोध में आगामी 23 सितंबर को छत्तीसगढ़ में जबर गोहार नामक विशाल प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह प्रदर्शन राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में किया जाएगा। पार्टी के तोरण पटेल ने बताया कि खैरागढ़ में यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे अम्बेडकर चौक पर शुरू होगा। पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में बिजली बिलों की बढ़ोतरी को वापस लेने, बिजली बिल हाफ योजना को फिर से शुरू करने और बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता लाने जैसी मांगें शामिल होगी। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए पार्टी जिलाध्यक्ष तेजस जंघेल के नेतृत्व में 19 सितंबर को छुईखदान में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में पार्टी के पदाधिकारी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सदस्य शामिल हुए।

## विभिन्न रोगों की जांच के बाद दिया गया दवा

# शिविर में रिकार्ड 103 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाल बहादुर नगर

सेवा पखवाड़ा एवं रजत जयंती के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र में खंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2933 का पंजीयन किया गया। रिकार्ड 103 लोगों ने रक्तदान किया। सांसद संतोष पांडेय ने सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग, आयोजन समिति, भाजपा मंडल एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर नगर में किसी कार्य की कमी नहीं होगी। उक्त मौके पर सासंद ने बताया कि मोदी सरकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने अनेक योजनाएं चला रही है।

शिविर में नेत्र जांच, मोतियाबिंद जांच, गर्भवती जांच, दंत रोग, सर्दी, खांसी, बुखार, एचआईव्ही, शुगर, नाक कान गला आदि की जांच की गई। इस दौरान कई लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ चश्मा वितरण, समाज कल्याण विभाग ने व्हीलचेयर, ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र, बैसाखी का वितरण किया। रक्तदाताओं को आयोजन समिति ने हेलमेट, एक पेड़ और एक पेन देकर सम्मानित किया।



### जनप्रतिनिधि रहे सक्रिय

इस दौरान आयोजन समिति के संरक्षक देवेन्द्र साहू, अध्यक्ष डॉ सुचिता श्रीवास्तव, संयोजक मनोज कांडे, हेमलाल वर्मा, छबिधर साहू, अनिल श्रीवास्तव के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच आदि काफी सक्रिय रहे। शिविर में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा जी, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, पूर्व विधायक खेदूराम साहु, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रविन्द्र वैष्णव, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, हीराराम वर्मा, प्रशांत कोड़ापे,अनिता मंडावी, सुरेश वर्मा, थनवार मंडावी, गिरजवती कंवर, रेशमा कंवर, सीएमएचओ डॉ नेतराम नवरतन, समाज कल्याण विभाग की उप संचालक वैशाली भारतद्वाज, संदीप ताम्रकार, तहसीलदार कमल किशोर साहु, सीएमओ शैलेश पांडे, कालेज प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर, गोदावरी निषाद, उपकार सिंह बघेल, चंद्रप्रकाश देशमुख, हुकुमचंद साहु, पुष्पा सिन्हा, वेदराम ताम्रकार, राजेन्द्र तिवारी, अशोक साहु, राजकुमार ताम्रकार, रामाधार ओझा, देवेन्द्र यादव, पिताम्बर सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, राजेन्द्र साहु , मोरध्वज साहु, प्रमोद वर्मा, राजकुमार निषाद, चैतराम कुंजाम, जाफर अली, पुनेश्वरी कंवर, मोतीम वर्मा, बबिता टेंभुलकर, पुनऊ यादव, रमेश यादव, राजेश देवांगन, प्रीति ताम्रकार, भूपेंद्र खोब्रागढ़े, रामजी साहु, मृगलाल साहु, टिकेश्वर साहु, योगेश साहु, नीकिता ताम्रकार, मोरध्वज साहु, उषा यदु, रूपचंद रजक, सरस्वती ढीमर, रानू साहु आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# जीएसटी में बदलाव से आम आदमी को राहत, उद्योगों को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही जीएसटी दरों में की गई कटौती और सरलीकरण को आम आदमी के जीवन में राहत देने वाला और व्यापार जगत को नई दिशा देने वाला कदम साबित होने का दावा करते हुए जिला भाजपा कार्यालय में धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी स्लैब में किए गए बदलावों से आम लोगों की बचत में बेहतर वृद्धि होगी। कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं के साथ सिलाई मशीन, ट्रैक्टर, कलपुर्जे, कृषि उपकरण, स्वास्थ्य बीमा, शैक्षणिक वस्तुएं,इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल उत्पाद अब और अधिक किफायती हो जाएंगा। रंजना साहू ने कहा कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से व्यापारी ज्यादा आसानी से अपना कारोबार कर सकेंगे। खासकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को इस नई व्यवस्था से सबसे अधिक लाभ होगा।



### आर्थिक सुधारों में मिली सफलता

रंजना साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधारों और बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार से 62 सौ करोड़ रुपयो की प्रोत्साहन राशि मिली है। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किए गए बेहतरीन आर्थिक प्रबंधन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिसेशर दास साहू, पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, शशांक ताम्रकार, नीलिमा गोस्वामी, आयश सिंह बोनी, वंदना तांडेकर, गोरेलाल वर्मा, लखनलाल साहू, राजू जंघेल, ज्योति जंघेल, कीर्ति वर्मा, राकेश ठाकुर, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, अनीश सिंह, श्यामसुंदर साहू, सन्नी यदु, चंदू वर्मा, देवकुमार सेन, हर्षवर्धन वर्मा, आनंद पटेल, महेश गिरी, शत्रुहन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### करदाताओं की संख्या में हुई है बढ़ोत्तरी

जीएसटी दो में राहत की घोषणा से न केवल रोजगार का अवसर बढ़ेंगा बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। साहू ने बताया जीएसटी लागू होने के बाद से करदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2017 में 66.5 लाख जीएसटी करदाता थे, जो अब बढकर 1.51 करोड़ हो गए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार सालो में दुगुना हुआ है।



# अग्रोहा अग्रसेन अग्रवाल

उत्पत्ति/वंश परिचय एक नजर...

वर्ण - वैश्य,
धर्म : सनातनी आर्य
मातृपक्ष वंश - नागवंश
वंश - सूर्यवंश
कुल - इक्ष्वाकु
आराध्य देव : भगवान श्रीराम, श्रीहरि विष्णु
आदि माता - महारानी माधवी
कुलदेवी - आद्य महालक्ष्मी
कुलदेवता - भगवान अग्रसेन जी
कुलगुरु : गर्गस्य
तीर्थ : शक्तिपीठ (अग्रोहा हरियाणा) (हिसार से 20 किमी, दिल्ली से 185 किमी)
गोत्र : 18 गोत्र - गर्ग, गोयल, सिंघल, बंसल, मित्तल, जिंदल, धारण, गोयन, मंगल, कुच्छल, एरण, तिंगल, तायल, बिंदल, मुद्गल, भंदल, नागल, कंसल
ध्वज - 18 किरणों का भगवा ध्वज जिसमें एक स्वर्ण मुद्रा और एक ईंट का चित्र अंकित हो
गद्दी - आग्रेय गणराज्य
नदी - सरस्वती

संकलन : लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, अध्यक्ष - अग्रवाल सभा, डोंगरगढ़

अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी का जन्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग के अंत और कलयुग के प्रारम्भ मे लगभग 5149 वर्ष पूर्व आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को क्षत्रिय कुल के प्रताप नगर के महाराजा वल्लभसेन के यहाँ हुआ था जो कि, भगवान श्रीराम जी के जेष्ट पुत्र कुश कि 34 वी पीढ़ी के माने जाते है ' राजा वल्ल्भसेन , जो सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे ' भगवान अग्रसेन जी कि माताजी का नाम महारानी भगवती देवी और दादाजी राजा महीधर जी थे, महाराजा अग्रसेन जी का विवाह राजकुमारी माधवी से हुआ था वो नागवंशी राजा की कन्या थी, यह विवाह दो अलग -अलग संस्कृतियों, सूर्यवंश और नागवंश को एक साथ लेकर आया था ' राजा वल्लभसेन ने ही राजकुमार अग्रसेन के नाम पर आगरा शहर बसाया था जो कि प्रताप नगर के मोहन के वंशज थे ' भगवान अग्रसेन जी भगवान श्रीकृष्ण के समकालीन और भगवान श्रीराम के वंशज थे,श्री अग्रसेन ने यज्ञ के दौरान पशुबली को देखा और यज्ञ रोककर भविष्य मे पशुबली न देने और पशुओं को न मारने का आदेश दिया जिससे वे अहिंसा धर्म के अनुयायी बने,जिसके चलते समाजवाद व समानता की पर आधारित आर्थिक नीति अपनाई इसलिए उन्हें समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है ' महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्र हुए उन 18 पुत्रो के नाम पर अग्रवाल समुदाय के 18 गोत्रो कि स्थापना हुई,उन्होंने अग्रोहा शहर बसाया और बाद मे अपना शासन छोटे भाई को सौंपकर भारत मे घूमते हुए अन्य राज्यों की स्थापना मे योग दान दिया ' अग्रवाल जाती के लोग उन्हें अपना संस्थापक पितामह मानते है,उनके मानवतावादी, समतामुलक और सामाजिक समानता पर आधारित विचार आज भी अनुकरणीय माने जाते है ' उनकी कर्मभूमि अग्रोहा को, देश मे पांचवे धाम के रूप मे जाना जाता है ' महाराजा अग्रसेन के जीवन और आदर्शो का सम्मान करने के लिए 24 सितम्बर 1976 को भारत सरकार ने उनके सम्मान मे 25 पैसे का डाक टिकट जारी किया था और 1995 मे । संकलनकर्ता : महेन्द्र अग्रवाल - मंत्री, अग्रवाल समाज - डोंगरगढ़


श्री अग्रसेन जयंती एवं नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री अग्रसेन जयंती की आपको हार्दिक शुभकामनाएं...
अग्रवाल दुध डेयरी एवं डेली नीड्स
दुध, दही, घी, पनीर, खोआ एवं डेली नीड्स के विक्रेता
प्रो. अनुराग अग्रवाल
विशाल अग्रवाल
पता : जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.) मो. 8208570223

श्री अग्रसेन जयंती की आपको हार्दिक शुभकामनाएं...
होटल स्वागतम
लॉज एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था
बड़ी मंदिर रोड, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
वेन्चुरा सिक्युरिटी लिमिटेड
श्री राम इन्वेस्टमेन्ट
मो. 9589444410
मो. 9986686005

श्री अग्रसेन जयंती की आपको हार्दिक शुभकामनाएं...
बिंदल मिठास एवं दुध डेयरी
हमारे यहा स्वयं की दुध डेयरी से उत्पादित दुध की ताजा व सर्वोत्तम मिठाई मिलती है
दुध, दही, पनीर, खोवा तथा घी के विक्रेता
फर्म : 1 बिंदल मिठास, लाल बिल्डिंग
2 बिंदल दुध, रेलवे चौक
3 बिंदल पशु आहार एवं डेयरी प्रोडक्ट, ग्राम घुसेरा
अजय बिंदल
मो. 9329884358

श्री अग्रसेन जयंती की आपको हार्दिक शुभकामनाएं...
मुरलीधर अनिल कुमार अग्रवाल (धानवाला)
अनाज के थोक व चिल्हर विक्रेता
विवेक अग्रवाल
अमन अग्रवाल
जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 9425560106, 8305044475

महाराज श्री अग्रसेन जी के चरणों में शत्-शत् नमन...
शितला जनरल स्टोर्स
श्री अग्रसेन चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
पायल, किरिंग, हैगिंग, धागा, लॉकेट, चैन, अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़ा, हेयर बैंड, चुड़ी, बक्कल, बलेचर, बिंदी, सिंदूर, डिब्बा, महिनारी, एवं ज्वेलरी की ऑल न्यू वेरायटी उपलब्ध एवं खिलौने के थोक विक्रेता
प्रदीप अग्रवाल
नवदीप अग्रवाल
7771033056, 9302396496
9407622891

महाराजा श्री अग्रसेन जयंती के चरणों में शत्-शत् प्रणाम...
श्री अग्रसेन जयंती
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं...
कन्हैया अग्रवाल
सदस्य अग्रवाल सभा डोंगरगढ़
मो. 8085759215

।। श्री अग्रसेन भगवान की जय ।।
श्री श्री 1008 श्री श्रद्धेय भगवान अग्रसेन जयंती समारोह के पावन पर्व पर सभी अग्र बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन...
अग्रवाल प्रोसेस एवं अग्रवाल राईस प्रोडक्ट
राम नगर, चिचोला रोड, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव
मनोज अग्रवाल
अध्यक्ष
मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़
मो. 9425560400
राजेश अग्रवाल
उपाध्यक्ष
अग्रवाल सभा, डोंगरगढ़
मो. 7587141900
वंश अग्रवाल
मो. 6264329070
दिव्य अग्रवाल
मो. 6264343880

श्री अग्रसेन जयंती की आपको हार्दिक शुभकामनाएं...
आशीष दुध डेयरी व डेली नीड्स
दुध दही, घी, पनीर, खोवा व बेकरी आईटम के विक्रेता
आशीष नरेडी
मो. 9993293127
अतिश नरेडी
मो. 9425560202
जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़ (छ.ग.)

श्री अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
हरिभूमि
- संवाददाता -
प्रकाश अग्रवाल
अनुभव न्यूज एजेंसी
जय स्तंभ चौक डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. 9425560003
9300963883

।। श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन भगवान की जय ।।
जय अग्रोहा
भगवान अग्रसेन जयंती पर्व पर आप सबको हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं
श्री बालाजी कन्स्ट्रक्शन
श्री बालाजी प्रीकास्ट
नरसिंगदास ट्रेडिंग
PSAR Infrastructure Pvt. Ltd.
पता : श्रीराम-रमा, पटेल वार्ड नं. 17, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
पूनम चंद श्रीराम अग्रवाल
मो. 9826610101
सावन अग्रवाल (B.E. Civil)
मो. 8892600000
अंकुर अग्रवाल (B.E. C.S.)
मो. 9200250020
ऋषिराज अग्रवाल (B.Tech Civil)
मो. 9993798779

।। श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन भगवान की जय ।।
भगवान अग्रसेन प्रकटोत्सव पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
स्थाई मानद सदस्य
स्व. श्री दुर्गा प्रसाद जी अग्रवाल
मुख्य अतिथि
माननीय अमित खेमका
अध्यक्षता
माननीय संतोष कुमार अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
अग्रवाल सभा, डोंगरगढ़


मोदी सरकार को धन्यवाद
₹ 40,000 से ₹ 1,05,000 तक बचत पायें।
GST 12% नही अब सिर्फ 5%
DAY 1
माँ शैलपुत्री
ट्रैक्टर संग खेतों में खुशहाली का दीप जले,
माँ शैलपुत्री से हर किसान का घर फले।
शुरुआत प्रगति की!
JOHN DEERE
जहाँ तकनीक मिलती है परम्परा से
सस्ता नहीं अच्छा लो
बुकिंग प्रारंभ
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्रॉली के अधिकृत विक्रेता
JOHN DEERE सिर्फ ट्रैक्टर नहीं वो भरोसा है जो पीढ़ियों तक चलता है।
2408045472
जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी*
टेक्नोलॉजी लीडरशिप
सभी ट्रैक्टरों पर
*शर्तें लागू
सभी कम्पनियों के पुराने ट्रैक्टर टीप-टॉप कंडिशन में उपलब्ध है।
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### दुर्गेश कुमार जायसवाल बने ओबीसी महासभा एसटी-एससी जिलाध्यक्ष



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रदेश स्तरीय बैठक अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एसटी-एससी संयुक्त संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा कबीरधाम जिले के दुर्गेश कुमार जायसवाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया। श्री जायसवाल पिछले 7 वर्षो से समाज सेवा कार्य करते आ रहे है, उनके निःस्वार्थ भाव सामाजिक कार्य व निष्ठा लगन को देखते हुए, उन्हे जिलाध्यक्ष पद दिया गया है। दुर्गेश कुमार जायसवाल छात्र हित के लिए बहुत काम करते आ रहे है, उन्होने स्कूल से लेकर कॉलेज तक अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते है तथा छात्र हित के लिए हमेशा काम करते आ रहे हैं, जैसे छोटे स्कूल के बच्चो को कॉपी-पेन, ड्रेस आर्थिक सहायता व इसी तरह कोई भी वर्ग का सामाजिक नीति हो अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाए है और समाज के लिए बहुत उचित कार्य किए है। जिस पर श्री जायसवाल को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है।

# शराब की अवैध बिक्री, 64 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान पुलिस ने तेज कर दिया है। दो स्थानों पर पुलिस ने दबिश दी, जहां से बिक्री हेतु रखे गए शराब बरामद किए गए। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गए। जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों, तस्करों पर नजर रखने के साथ ही साथ अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 20 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी पवन गौली 28 साल निवासी बुधवारीपारा अपने मकान के कोठा में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी को पुलिस रेड कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। आरोपी के मकान के कोठा एवं आसपास को चेक करने पर आरोपी के कोठा में 14 पौवा देशी मसाला एवं 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 34 पौवा कीमती 3000 रुपए मिला, जिसे जब्त किया गया। फरार आरोपी पवन गौली के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का कार्रवाई कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

### डस्टबिन में छिपाकर रखी थी शराब की बोतलें

अन्य प्रकरण में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी खेमलाल कदम निवासी ग्राम मुरमुंदा द्वारा अपने दुकान के पीछे अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्रवाई की। आरोपी को पुलिस रेड कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। दुकान एवं आसपास को चेक करने पर आरोपी के दुकान के पीछे डस्टबिन में 14 पौवा देशी मसाला एवं 16 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 30 पौवा देशी शराब कीमती 2680 रुपए मिला, जिसे जब्त कर फरार आरोपी खेमलाल कदम के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का कार्रवाई कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

## नशीली टेबलेट के साथ युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** नशीले पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ जिलेभर में पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर 97 नग नशीली टेबलेट को जब्त किया गया। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभियान के तहत 20 सितंबर को पुलिस को सूचना मिला कि शेंडे लॉज डोंगरगढ़ के पार्किंग के पास डोंगरगढ़ में आरोपी नागेश्वर उइके 20 साल निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ अवैध रूप से नशीली टेबलेट रखा है।




**आरोपी गया जेल :** सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल कार्रवाई करते मौके पर पहुंचकर रेड़ कार्रवाई की। घेराबंदी कर आरोपी नागेश्वर उइके को पकड़कर आरोपी से अपने कमर में बांधकर रखे काला रंग की पोच के अंदर में रखे नशीली टेबलेट कुल 97 नग नशीली टेबलेट कीमती लगभग 436 रुपए एवं 200 रुपए नगद कुल रकम 636 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## बिजली तार टूटकर सड़क के बीचों-बीच गिरा, कोई हताहत नही



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में रविवार को सुबह 9:30 बजे मुख्य सड़क के बीचों बीच बिजली तार टूट कर गिर गई। इस घटना में कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन आवाजाही बाधित रहा।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लाइन ठीक करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। इसे गनीमत ही कहे कि बिजली तार टूटकर सड़क के बीचो-बीच गिरने से कोई हताहत नहीं हुई तथा राहगीरों व आसपास के रहवासियों में हड़कंप मच गया। वहीं बड़ी मशक्कत के बाद बिजली कर्मियों द्वारा टूटे बिजली के तार को फिर से जोड़कर बिजली सप्लाई शुरू कराया। इस बीच करीब घंटों तक बिजली आपूर्ति भी ठप रही। ग्राम कंझेटा में अचानक मुख्य मार्ग में बिजली तार टूटकर गिर गया। इसे भगवान की कृपा ही कहे कि कोई हताहत नहीं हुआ अन्यथा बड़ी दुर्घटना-हादसा की संभावना हो सकती थी।

## 9 साल बाद 10 दिन होगी मां दुर्गा की आराधना: आचार्य प्रशांत शर्मा



■ नवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीण भक्तजनों में भारी उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में माता रानी की नौ स्वरूपों की पूजा और व्रत रखने के लिए मनाया जाता है। अश्विन अथवा शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरू होंगे, जो कि 9 वर्ष बाद इस बार तृतीया तिथि की वृद्धि होने से माता की आराधना एक दिन ज्यादा होने से नवरात्र 10 दिन के होंगे। वहीं विजयदशमी पर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। जिस पर भागवताचार्य प्रशांत शर्मा ने बताया कि 2016 में भी द्वितीया तिथि की वृद्धि होने के कारण ऐसा ही संयोग बना था, मां दुर्गा का आगमन हाथी की सवारी पर होगा, यह समृद्धि, संतुलन और शांति का संकेत है। प्रस्थान के समय मां नव पर सवार होगी, जो नए मार्ग उत्साह और जन जीवन में उत्सव का प्रतीक है। यह शुभ योग समाज में सकारात्मक बदलाव की संभावना दर्शाता है, यह पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की भक्ति का है। प्रत्येक दिन का महत्व है, जो जीवन में उद्धार ,शक्ति, बुद्धि, आनंद और साधना की ओर ले जाता है।

## बारदी में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया



■ पौधरोपित कर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को किया जन-जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम बारदी में सरपंच, पंच व ग्रामवासियों द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव की चौक चौराहे एवं नालियों का साफ-सफाई किया गया। तत्पश्चात पौधरोपण कार्यक्रम में सामूहिक रूप से पौधरोपित कर स्वच्छ और सुंदर ग्राम व स्व्च्छ वातावरण बनाने एक कदम स्वच्छता की ओर अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद साहू, बूथ अध्यक्ष जलेश, पंच भागीरथी, सूरज, तिलक, रामकिशोर, रमेश, मुकेश, सुनील, दिनेश, बलदेव, नारायण, राजेंद्र, शोभा सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## 28 सितंबर को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का व्याख्यान



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का एक दिवसीय व्याख्यान आगामी 28 सितंबर को दोपहर 02 बजे पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्कार संस्कृति के तत्वाधान में किया जा रहा है। रविवार को यूथ क्लब भवन में कार्यकम की तैयारी को लेकर विशेष बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राजकुमार वर्मा, भगत पटेल, कैलाश शर्मा, दुर्गेश देवांगन, महेंद्र ठाकुर, हजारी चंद्रवंशी, प्रदीप आस्था, परस साहू, शिवकुमार चंद्रवंशी, वेदराम साहू, ओंकार राजपूत, खोमेश राजपूत, मनोहर साहू, दुर्योधन पाली, हर्षित चौबे, जितेंद्र वर्मा, सत्यम शिवम सुंदरम, वेद साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ अपने राष्ट्रवादी विचारों और प्रखर वक्तृत्व शैली के लिए देश-विदेश में जाने जाते हैं। वे अपने व्याख्यानों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र प्रेम, सनातन मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का जागरण करते हैं। कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी विशेष उत्साह देखा जा रहा है और आयोजक इसे ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन समिति ने लोगो से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

## चितेरे फाउंडेशन के तत्वाधान में 150 छात्राओं ने सीखा गोंड पेंटिंग आर्ट



**हरिभूमि कोलेगांव।** शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जयंती व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस की मंगलमय अवसर पर भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय गोंड आर्ट पेंटिंग प्रशिक्षण 2025 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13, 15 व 16 सितम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला पंडरिया मे आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 150 छात्राओं ने गोंड पेंटिंग बनाना सीखा और इस आर्ट के महत्व को भी समझा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए अपने विदेश यात्रा के दौरान कई राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को गोंड आर्ट भेंट करते हैं और अपने प्रधानमंत्री कक्ष को गोंड आर्ट से सुसज्जित करें है। इसी से प्रेरित होकर चितेरे फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ मे पहली बार गोंड आर्ट को कन्या शाला पंडरिया के छात्राओं को पेंटिग के महत्व, पेंटिंग के पैटर्न के बारिकीयों के साथ सीखाया। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया एवं छात्राओं ने भी पोस्ट कार्ड में लिखकर प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलबीर विश्वकर्मा राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्डेड, डारेक्टर व राष्ट्रीय अध्यक्ष चितेरे फाउंडेशन, अध्यक्ष कन्या शाला पंडरिया की प्राचार्या श्रीमती एनके एक्का, विशिष्ट अतिथि सुश्री तान्या मरावी राष्ट्रीय गोंड चित्रकार व सहायक डारेक्टर, सुश्री दिप्ती मानिकपुरी महिला प्रभारी, सुश्री कृति चद्रवंशी युवा संयोजक, प्रभात विश्वकर्मा सह सचिव, ओमप्रकाश साहू ब्लाक अध्यक्ष पंडरिया, चद्रशेखर पटेल, सुरज मानिकपुरी, कमलेश साहू तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## जन स्वास्थ्य अभियान छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं पर राज्य स्तरीय बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई ने राज्य में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति पर चिंतन करने के लिए रायपुर में राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया। बैठक का शुभारंभ डॉ साईबाल जाना और अलका जाना को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित करते हुए किया गया। बैठक में 21 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके कारणों और संभावित समाधानों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, स्वास्थ्य प्रदाताओं और विभिन्न यूनियनों के सदस्यों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। महिलाओं का स्वास्थ्य मंजीत कौर बल ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति-जागरूक करने के लिए व्यापक प्रयास करने की आवश्यकता है, ताकि उन्हें पता हो कि कब डॉक्टर या अस्पताल से संपर्क करना है। स्वास्थ्य समस्याओं के मूल कारण- डॉ प्रबीर चटर्जी ने कुपोषण, पर्यावरणीय प्रभावों और नीतिगत कमियों को स्वास्थ्य समस्याओं का एक बड़ा कारण बताया। यूनिवर्सल हेल्थ केयर डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि अभी भी एक ऐसे मॉडल की कमी है जो हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचा सके। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। शोध और प्रचार-प्रसार-पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ डॉ गजानन फुटके ने स्वास्थ्य जानकारियों के साथ-साथ शोध और उनके प्रचार-प्रसार को भी महत्वपूर्ण बताया। सरकारी सेवाओं की मजबूती जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अमूल्य निधि ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण को रोकना है। उन्होंने कहा कि अभियान देश के 21 राज्यों में कार्यरत है। निजीकरण एवं पीपी मॉडल जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक गौरांग महापात्र ने कहा कि जिस तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण किया जा रहा है और उसे पीपीपी मॉडल में दी जा रही है। यह बहुत ही गंभीर विषय है, राज्य को निजीकरण को रोकना चाहिए साथ ही पीपीपी मॉडल के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूतीकरण करने की जरूरत है। बैठक में तकनीकी सत्र का संचालन सरवत हुसैन नकवी, पुनिता कुमार और प्रकाश कुमार गार्डिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्रीमती मीतू हेनरी ने किया, तकनीकी फैसिलिटेटर की भूमिका दीपक कुमार बागरी ने निभाई। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियान छत्तीसगढ़ के संयोजक चंद्रकांत यादव ने कहा कि अभियान छत्तीसगढ़ में स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के साथी मिलकर राज्य के लिए एक स्वास्थ्य प्लान तैयार करेंगे और उसे सरकार को सौंपेंगे।




## छग सहायक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्थानीय समस्याओं के निदान और बेहतर शिक्षा गुणवत्ता को लेकर शिक्षकों की कार्ययोजना सहित अन्य विषयों पर छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक मे चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष रामलाल साहू की उपस्थिति मे आयोजित बैठक मे जिले के दोनो ब्लाक खैरागढ़, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी गठन को लेकर चुनाव, संगठन के सदस्यता, बिना किसी सूचना के अन्य संगठनों में जाकर सदस्य बनने व पद लेने वाले साथियो की वापसी अथवा कारवाई, छुईखदान ब्लॉक में शाला संचालन का समय 9.45 से 4 बजे तक करने संबंधी जारी आदेश और शेष एरियर राशि भुगतान के अलावा दोनों ब्लॉक मे कार्यरत शिक्षकों को किस आधार पर लगातार विभिन्न कारणों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है अचानक इसकी संख्या बढ़ने के पीछे की वजह को लेकर भी सदस्यों ने बैठक मे विस्तृत चर्चा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष भिखेद्र जंघेल, सचिव शिवचरण वर्मा, कोषाध्यक्ष संजू राम कंवर, भगवती प्रसाद सिन्हा, गांधीराम साहू, लुमेश्वरी साहू, भुनेश्वरी लहरें, महेश्वरी मरकाम, छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव, खैरागढ़ ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी, संतोष तोड़े, तोकराम सिन्हा, टीका देशमुख, लेखराम वर्मा, पूर्णेश वैष्णव, हब्बूराम कंवर, कृष्णा जंघेल, खेमचंद साहू, बलिराम वर्मा, विक्की नेताम सहित बडी संख्या मे फेडरेशन सदस्यउपस्थित थे।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**तनाव:** विवाद शांत कराने पहुंचे पुलिस अधिकारी से झूमाझटकी व अभद्रता, महिला आरक्षक हुई चोटिल

# दुर्गा पंडाल स्थापना को लेकर ग्राम कामठी में फिर भड़का विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम कामठी में स्थापित मंदिरों में कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच लम्बे समय चला आ रहा विवाद नवरात्र पर्व प्रारंभ होने के ठीक एक दिन पूर्व फिर से भड़क गया और दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए।

बताया जाता है कि इस विवाद और भिडंत की सूचना पाकर मौके पर मामला शांत कराने पहुंची पुलिस से भी ग्रामीण भिड़ गए और पुलिस अधिकारी से न सिर्फ अभद्रता की गई बल्कि झूमाझटकी के दौरान एक गर्भवति महिला पुलिस कर्मी के घायल होने की भी खबर सामने आ रही है। स्थिति परिस्थिति को देखते हुए मौके पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। हालांकि फिल हाल शांति कायम है लेकिन तनाव बरकरार है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम कामठी में नवरात्रि की शुरुआत से पहले दुर्गा पंडाल स्थापना को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। शनिवार की सुबह एक पक्ष द्वारा मंदिर परिसर में लगाए गए दुर्गा पंडाल को हटाए जाने के बाद दूसरा पक्ष आक्रोशित हो गया और दोनों तरफ से विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच भी झड़प की स्थिति बन गई। हंगामे में एक महिला आरक्षक चोटिल हो गई है। बताया जा रहा है कि वह गर्भवति थी और उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। वहीं, मौके पर मौजूद एसडीओपी के साथ भी ग्रामीणों ने अभद्र व्यवहार किया है। बहरहाल स्थिति परिस्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है जिससे फिलहाल शांति तो है लेकिन तनाव की स्थिति अब भी बनी हुई है।



### मंदिरों में कब्जे को लेकर विवाद

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम कामठी में लंबे समय से मंदिरों को लेकर दो पक्षों के बीच मतभेद बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व मंदिरों के नामकरण और धार्मिक प्रतीकों को लेकर असहमति की स्थिति उत्पन्न हुई थी। जिसके बाद प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने स्वयं यहां पहुंचकर दोनो पक्षों को समझाईश दी थी और गांव में आपसी सामंजस्य के साथ शांति बनाए रखने की अपील की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि ग्रामीणों पर गृह मंत्री की इस समझाईश का कोई असर नहीं हुआ। यही वजह है कि सनातन धर्मालंबियों के प्रायः हर तीज, त्यौहारों में रोकटोक और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसा ही विवाद इस वर्ष नवरात्रि पर्व के अवसर पर फिर से उभर आया।

### कभी भी विस्फोटक हो सकती है स्थिति

माना जा रहा है कि ग्राम कामठी के प्राचीन मंदिरों के नामकरण और धार्मिक प्रतीकों को लेकर विवाद जिस ढंग से कब्जे की लड़ाई शुरू की गई है वह कभी भी विस्फोटक रूप ले सकती है। ऐसे में शासन-प्रशासन को इसे गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए।

### पुलिस अधीक्षक का कड़ा संदेश, दुर्गा पंडाल वहीं लगेगा जहां लगा था

ग्राम कामठी में दुर्गा पंडाल लगाने से रोकने की कोशिश करने वालों को पुलिस प्रशासन ने कड़ा संदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा दुर्गा पंडाल यहीं स्थापित होगा। आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उपद्रव की मंशा रखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि धार्मिक परंपरा और श्रद्धा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आए 15 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स/लोहारा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बासिनझोरी में शनिवार की शाम अचानक बदले मौसम के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक 15 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लोहारा पुलिस ने मौके में पहुंचकर मृतक का शव बरामद कर लिया है वहीं मर्ग कायम कराकर शव का पीएम कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बासिनझोरी निवासी नुनेश्वर साहू पिता केवल साहू आयु 15 वर्ष अपने कुछ दोस्तों के साथ मूंगफल्ली तोड़ने गया था। बताया जाता है कि इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए नुनेश्वर और उसके दोस्त एक स्थान पर खड़े हो गए। लेकिन इसी दौरान तीव्र गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे नुनेश्वर के पास आ गिरी जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद डरे सहमे उसके दोस्तों ने इसकी जानकारी मृतक के परिजनो व ग्रामीणों को दी। बाद में घटना से स. लोहारा पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया है। इस हृदय विदारक घटना के बाद मृतक युवक के परिवार में शोक व्याप्त है।

## खबर संक्षेप

### मंच निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**कवर्धा।** जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत मिनमिनिया मैदान में जनपद सदस्य निधि से 2 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण का भूमिपूजन विधिवत रूप से किया गया। ग्रामवासियों ने मंच निर्माण कार्य को सराहते हुए कहा कि मंच बनने से सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इसका ग्रामीणों को लंबे समय से इंतजार था। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिभा बिहारी पटेल, सरपंच अनुसूया डेरहा पटेल, वरिष्ठजन रामाधीन पटेल, हरिचंद पटेल, मानी सूरज पटेल, मनीष पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कृषक पंजीयन 31 अक्टूबर तक अनिवार्य

**कवर्धा।** राज्य शासन द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। नवीन कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के साथ-साथ भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में भी किया जाना आवश्यक है। एकीकृत किसान पोर्टल में पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों का पंजीयन कैरी फारवर्ड व संशोधन से पूर्व समस्त कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाएगा।
कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी समितियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कृषक पंजीयन कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराएं तथा प्रत्येक कृषक को निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन के लिए जागरूक किया जाए।

# आदिवासी क्षेत्र की आंगनबाड़ी केंद्र बंद, बच्चों के अधिकारों पर संकट, ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम धनवाही, चेंद्रादादर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 20 सितम्बर को निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय सुबह 9:30 से शाम 3:30 बजे भी बंद पाया गया। केंद्र का ताला बंद देख ग्रामीणों में नाराजगी व्यक्त की।

क्योंकि यह केंद्र 5 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और उन्हें कुपोषण से बचाने का दायित्व निभाता है। बताया जाता है कि इसी तरह क्षेत्र के कुछ अन्य केंद्र भी बच्चों को भोजन कराकर समय से पहले ही बंद कर दिए गए। यहां बताना लाजिमी होगा कि आंगनबाड़ी का उद्देश्य छोटे बच्चों के साथ-साथ गर्भवति एवं धात्री माताओं तक पोषण आहार पहुंचाना है। लेकिन केंद्र बंद रहने से गरीब और बैगा आदिवासी परिवारों तक यह सुविधा नहीं पहुंच पा रही है। बताया जाता है कि जब इस संबंध में सुपरवाइजर से पूछा गया तो उन्होंने जानकारी दी कि कर्मचारी केव्हाईसी कराने गए हैं। सवाल यह उठता है कि जब सहायिका की जिम्मेदारी केंद्र में रहकर बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना है, तो केंद्र को बंद करके केव्हाईसी क्यों किया जा रहा है?




इस संबंध में प्रभारी परियोजना अधिकारी चंचल यादव ने कहा कि केंद्र का बंद रहना गंभीर विषय है। यदि कार्यकर्ता केव्हाईसी कराने जाते हैं, तो सहायिका को केंद्र में रहना चाहिए और बच्चों को मिलने वाली पोषण आहार व्यवस्था बराबर संचालित होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस तरह की लापरवाही पर रोक नहीं लगी, तो बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विपरीत असर पड़ेगा। उन्होंने विभाग से मांग की है कि आंगनबाड़ी संचालन में जवाबदेही तय की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

# नगर विशेष स्वच्छता व श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर एवं रजत जयंती का आयोजन 19 सितम्बर से 26 सितम्बर तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के तहत नगर पंचायत सहसपुर द्वारा 21 सितंबर 2025 को नया बस स्टैंड एवं बाजार परिसर के पास विशेष स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया एवं मुक्तिधाम परिसर व एसएलआरएम सेंटर में वृक्षारोपण का आयोजन कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण में भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य संदेश लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह चंद्रवंशी एवं पार्षदगण, समस्त कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित थे। विभिन्न स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।



# ग्राम मुड़वाही सचिव प्रदीप धुर्वे तत्काल प्रभाव से निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने, समय पर आवास को पूरा नहीं कराने तथा प्रस्तावित आवास निर्माण को प्रारंभ नहीं करने बैठक में अनुपस्थित रहने के लिए ग्राम पंचायत मुड़वाही सचिव प्रदीप धुर्वे को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के सभा कक्ष में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत बनाए जा रहे हैं आवास से संबंधित 95 ग्राम पंचायतो की गहन समीक्षा की। इस दौरान विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत शीतलपानी कुकरापानी, राजाढार, दुर्जनपुर, केसमार्दो लूप, मुडघुसरी, बेंदा मुड़वाही जैसे अनेक ग्राम पंचायत में निर्माणधीन आवास लंबे समय से पूरा नहीं होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी आवास को प्रारंभ करते हुए छत स्तर तक निर्मित आवास को पूरा नहीं कराने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित थे। जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी, तेलियापानी, लेदरा, अमनिया, बिरूहलडीह, बदना, भेलकी, सेंदुरखार, डालामौहा, आगरपानी, महीडबरा जैसे ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्री वर्मा ने कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। कलेक्टर श्री वर्मा ने समीक्षा के दौरान पाया कि जिले में कुल 9625 प्रधानमंत्री जनमन आवास का निर्माण किए जाने के लिए स्वीकृत है।

# नवरात्रि पर्व में धर्म नगरी कवर्धा रहेगी सात्विकः नपाध्यक्ष

## मंदिर क्षेत्र, दुर्गा पंडाल के आसपास न लगेगी अंडा-बिरयानी की दुकानें

- नगर पालिका अध्यक्ष व व्यापारियों की बीच हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने क्वांर नवरात्रि को लेकर शहर के अलग-अलग स्थानों पर अंडा, बिरयानी जैसे दुकानो का व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की।



नवरात्रि के पावन अवसर पर कवर्धा नगर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक भावनाओं की महत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका व व्यापारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर क्षेत्र के आसपास दुकानें बंद रहेंगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने रविवार को अंडा बिरयानी की दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के साथ बैठक कर नवरात्रि पर्व में व्यवसाय संचालन को लेकर चर्चा की।

के लोग नवरात्रि के नौ दिनों को पूर्ण पवित्रता और आस्था के साथ मनाते हैं इस हेतु आज उन्होंने बैठक में बताया कि नवरात्रि पर्व हमारे कवर्धा शहर की आत्मा है। धर्म नगरी तथा देवभूमि के रूप में प्रसिद्ध कवर्धा माँ विंध्यवासिनी, माँ महामाया, माँ दंतेश्वरी और माँ सिंहवाहिनी व अन्य देवी-देवताओं का साक्षात वास है। उन्होंने बैठक में कहा कि नगर के सभी नागरिक माँ दुर्गा के नौ रूपों के दर्शन सात्विक वातावरण में कर सकें और पूरे नगर का माहौल श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण बना रहे।

नगर पालिका द्वारा अस्थायी तौर पर अंडा, बिरयानी व अन्य मांसाहारी दुकान लगाये जाने हेतु स्थल उपलब्ध कराया जायेगा। जहां अपने दुकान पूरे नवरात्रि तक लगा सकते है। व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इस पवित्र त्यौहार की गरिमा को ध्यान में रखते हेतु अंडा बिरयानी की दुकान नवरात्रि पर्व में मंदिर क्षेत्र के आसपास नही लगाने का आश्वासन दिया। सभी उपस्थित व्यवसायियों ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर दुकान लगाये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा अस्थायी तौर पर निर्धारित स्थल पर ही दुकान लगाया जायेगा।

इस निर्णय से कवर्धा नगर की धार्मिक गरिमा सामाजिक सौहार्द और आस्था की रक्षा हो सकेगी। नवरात्रि के दौरान नगर का वातावरण भक्ति और श्रद्धा से पूर्ण रहेगा। भक्तजन निश्चिंत होकर मंदिर दर्शन एवं पूजा-अर्चना में सम्मिलित हो सकेंगे। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति रिंकेश वैष्णव, पार्षद संजीव कुर्रे, हरीश साहू, अनिल साहू, व्यापारीगण में अजमल खान, अल्ताफ खान, जगदीश चौरसिया, मुकेश ठाकुर, ललित साहू, शिवा साहू, नारायण साहू, कार्तिक मण्डल, मुकेश यादव, गोकुल यादव, कैलाश यादव, मेघनाथ यादव, बृजलाल देवांगन, सोनू साहू, अमित सिन्हा, सफेल्लुदीन उपस्थित थे।

### त्यौहारी सीजन में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग

**कवर्धा।** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला इकाई कवर्धा के पदाधिकारियों ने रविवार को यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी से भेंटकर आगामी त्यौहारी सीजन में कवर्धा शहर के यातायात एवं व्यापारिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विस्तृत चर्चा की। बैठक में कैट पदाधिकारियों ने कहा कि त्यौहारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों की सुविधा एवं व्यापारिक सुगमता के लिए शहर में कई ठोस कदम उठाना आवश्यक है। दर्रीपारा क्षेत्र में बैंकों के सामने अव्यवस्थित रूप से खड़ी गाड़ियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, एचडीएफसी बैंक के पास और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात को व्यवस्थित किया जाए तथा खाली पड़ी जगहों पर अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक प्रमुख चौक पर यातायात पुलिस जवानों की प्रभावी तैनाती की जरूरत है। ठेले-गुमटी को व्यवस्थित ढंग से लगाने की पहल हो, ताकि ग्राहकों को भी असुविधा न हो और छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी भी प्रभावित न हो।

नगर में स्थापित की जायेंगी विभिन्न रूपों की देवी प्रतिमाएं, तैयारियां अंतिम दौर में

# मां आदि शक्ति की भक्ति का पर्व शारदेय नवरात्र आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शक्ति पीठों के गढ़ कवर्धा सहित अंचल में 22 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समूचा अंचल मां जगत जननी की भक्ति व अराधना में डूबने के लिए तैयार हो चुका है। मंदिर समीतियों ने जहां नवरात्र पर्व के मद्देनजर मंदिरों की साफ-सफाई, रंग रोगन तथा मनोकामना ज्योतिकलश कक्ष पहले ही तैयार कर लिया है। वहीं दुर्गोत्सव समीतियों ने विभिन्न रूप रंग की देवी प्रतिमाएं स्थापित करने भव्य व आकर्षक पण्डाल तैयार कर लिए है। दूसरी तरफ महिनों से निर्माण कार्य में जुटे मूर्तिकार भी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। उल्लेखनीय है कि शक्ति पीठों के गढ़ माने जाने वाले कवर्धा नगर में दुर्गोत्सव पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जाता है। नगर के विभिन्न शक्तिपीठों में भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में पूरे नौ दिन मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते है। जिसके चलते हर रोज मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है। वहीं नगर सहित आसपास के ईलाकों में दर्जनो दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा मां आदि शक्ति के विभिन्न रूप रंग की प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कुछ ऐसी ही श्रद्धा भक्ति के साथ क्वार नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी की गई है। दुर्गोत्सव समीतियों ने मूर्तिकारों के यहां निर्मित कराई गई प्रतिमाओं को पण्डालों तक लाने के लिए वाहन, गाजे-बाजे, पंडित, पूजन सामग्री आदि की व्यवस्था कर ली है। समय व सुविधाओं को देखते हुए ग्रामीण अंचलों की कुछ समीतियों ने तो प्रतिमाओं उठाव रविवार को एक दिन पूर्व ही प्रारंभ कर दिया है जिनकी 22 सितम्बर को नवरात्र के पर्व के मौके पर विधि विधान से स्थापना की जायेगी। वहीं कवर्धा नगर में प्रतिमाओं को पण्डालों तक ले जाने का क्रम रविवार की सुबह से प्रारंभ होकर देररात तक चलेगा।



# सारंगपुर कला में कक्षा 9 वीं 41 छात्राओं को बांटी गई सायकिल, छात्राओं में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर कला में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 41 बेटियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामकिंकर वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बोड़ला, पूर्णिमा मनीराम साहू सभापति जिला पंचायत कबीरधाम, गोकुल चंद्रवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला, बलदाऊ चंद्रवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला, छोटू चंद्रवंशी सदस्य प्रतिनिधि जनपद पंचायत बोड़ला सहित स्टाल के प्राचार्य व शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को सायकिल वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि यह योजना ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए शिक्षा का नया मार्ग प्रशस्त कर रही है, जिससे वे निर्भीक होकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक भी उपस्थित थे।

